# एयरपोर्ट में स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम

## मोशन सेंसर से होगी बिजली की बचत, रखरखाव खर्च भी कम होगा

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के जेवर में बन रहे नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे में स्मार्ट लाइटिंग सिस्टम लगाया गया है। यह सिस्टम बिजली की खपत में 70 प्रतिशत और रखरखाव लागत में 50 प्रतिशत तक की बचत करेगा।




टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड ने सिग्निफाई इनोवेशन्स इंडिया लिमिटेड के साथ मिलकर यह सिस्टम लगाया है। इसमें पैनिटेक स्मार्ट एनर्जी के स्मार्ट स्ट्रीट लाइट कंट्रोलर, मोशन सेंसर और डायनेमिक डिमिंग तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।

यह सिस्टम यात्रियों और वाहनों की आवाजाही के हिसाब से रोशनी को अपने आप एडजस्ट करता है। व्यस्त समय में रोशनी तेज और कम भीड़ वाले समय में धीमी हो जाएगी। सिस्टम रीयल-टाइम मॉनिटरिंग और फॉल्ट अलर्ट की सुविधा भी देता है। एनआईए के मुख्य विकास अधिकारी निकोलस शेंक ने बताया कि यह सिस्टम जरूरत के मुताबिक रोशनी देगा। इससे यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी।

एयरपोर्ट में पर्यावरण की निगरानी के लिए वायु-गुणवत्ता सेंसर भी लगाए गए हैं। ये सेंसर पीएम1.0, पीएम2.5, पीएम10, वीओसी, नाइट्रोजन ऑक्साइड, तापमान और नमी को मापते हैं। इससे मिलने वाले लाइव डेटा से समय पर जरूरी कदम उठाए जा सकेंगे।

पैनिटेक स्मार्ट एनर्जी का कहना है कि उनकी तकनीक से न सिर्फ सुरक्षा बढ़ेगी बल्कि कार्बन उत्सर्जन भी कम होगा। यह नेट जीरो के लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगा।

# ग्रेटर नोएडा के शमशान घाट की स्थिति खराब

## बारिश में तिरपाल के नीचे करना पड़ रहा अंतिम संस्कार, टूटा चबूतरा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के जारचा स्थित छोलस गांव के शमशान घाट की स्थिति चिंताजनक हो गई है। यहां टीन शेड न होने के कारण बारिश में तिरपाल के सहारे अंतिम संस्कार करना पड़ रहा है।

समाजवादी पार्टी छात्र सभा के जिला अध्यक्ष मोहित नागर ने इस स्थिति का एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। वीडियो में दिख रहा है कि लोग बारिश के दौरान हाथों से तिरपाल थामे हुए हैं और उसी के नीचे मुख्य अग्नि दी जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, शमशान घाट में पहले से लगी टीन शीट टूट चुकी है। मुख्य अग्नि के लिए बना चबूतरा भी क्षतिग्रस्त हो चुका है। इन समस्याओं की ओर अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया गया है। बरसात के मौसम में अंतिम संस्कार के दौरान लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मोहित नागर ने कहा कि जिले में विधायक से लेकर सांसद तक भाजपा के हैं, लेकिन एक गांव के शमशान घाट में टीन शेड तक नहीं लगवा पाए।

# शार्ट न्यूज

## मैक्सविन पब्लिक स्कूल ने मनाया राष्ट्रीय खेल दिवस

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया



**ग्रेटर नोएडा।** मैक्सविन पब्लिक स्कूल जहाँगीरपुर में शुक्रवार को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सभी को अपने राष्ट्रीय खेल हॉकी के बारे अवगत कराया गया। राष्ट्रीय खेल दिवस मेजर ध्यानचंद की याद में मनाया जाता है। जो खिलाड़ी अपने खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके अपने देश का नाम रोशन करते हैं। उन्हें इस अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक योगेन्द्र सैनी व प्रधानाचार्य खानचन्द वर्मा ने बताया कि हम शिक्षा के साथ-साथ खेल के माध्यम से अपना और अपने देश का नाम रोशन कर सकते हैं। इस मौके पर प्रभात शर्मा, रिंकू शर्मा, नीरज जादौन, धर्मेन्द्र कुमार, प्रियंका शर्मा के अलावा विधालय का अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## नोएडा में दो पक्षों में मारपीट

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र के बहलोलपुर गांव में दो सप्ताह पहले किराएदार को लेकर हुए विवाद के बाद चाचा-भतीजे आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बहलोलपुर में दो भाई संजय यादव और महेश यादव रहते हैं। पड़ोस में ही इनके चाचा शीशपाल भी रहते हैं। दोनों के घरों में बड़ी संख्या में किराएदार रहते हैं। संजय यादव के घर में एक युवक किराए पर रहता है। 18 अगस्त को उस युवक के साथ शीशपाल के लड़के ने शराब पीकर मारपीट कर दी थी। इसकी जानकारी जब संजय और महेश को हुई तो उन्होंने इसकी शिकायत शीशपाल से की। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। दोनों पक्षों के परिवार के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट का 44 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में पुरुष और महिलाएं दोनों हैं।

## महिला ने लगाया सूदखोरों पर आरोप

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर में एक महिला ने तीन सूदखोरों पर मकान और दुकान हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित महिला पिंकी शर्मा ने सोशल मीडिया पर वीडियो अपलोड कर मुख्यमंत्री से न्याय की मांग की है। पिंकी शर्मा के अनुसार, गांव के ही तीन लोग सूदखोरी का धंधा करते हैं। ये लोग गरीबों को सूद पर पैसे देकर उनकी संपत्ति हड़प लेते हैं। पिंकी को भी इन लोगों ने कुछ रुपये सूद पर दिए थे। समय पर पैसे वापस न कर पाने पर आरोपियों ने उनके पति को धमकाकर मकान और दुकान अपने नाम करवा लीं। बुधवार को आरोपियों ने पिंकी की दुकानों के शटर तोड़ दिए। दुकान में रखा सामान बाहर फेक दिया। कब्जा करने की कोशिश की। पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित परिवार ने हाथ जोड़कर मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाते हुए वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर डाला। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रेड शो में चमक बिखेरेंगे जिम्स के हेल्थ स्टार्टअप

**ग्रेटर नोएडा।** इंडिया एक्सपो सेंटर एड मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक होने वाले यूपी ट्रेड शो के तीसरे चरण में राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान (जिम्स) की इंक्यूबेशन सेंटर में पंजीकृत स्टार्टअप वैश्विक स्तर पर चमक बिखेरेंगे। मेडिकल एजुकेशन के स्टॉल पर जिम्स की उपलब्धियां देश के साथ विदेशों के प्रतिनिधियों को भी बताईं जाएंगी। सीएमआई जिम्स भारत का पहला सेक्शन-8 पब्लिक हॉस्पिटल आधारित मेडिकल इनोवेशन एवं इनक्यूबेशन सेंटर है। जिसके बारे में लोगों को बताया जाएगा। स्वास्थ्य की समस्याओं के समाधान के लिए तकनीकी की मदद हल होने की विधि भी बताई जाएगी। इनोवेशन एवं इनक्यूबेशन सेंटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. राहुल सिंह ने बताया कि देश के हर कोने के मरीजों की समस्याओं का टेक्नोलॉजी की मदद से हल खोजने का प्रयास जारी है। जिम्स में पंजीकृत 40 में से आठ स्टार्टअप का चयन विश्व विख्यात विश्वविद्यालय स्टेनफोर्ड कर चुका है। देश का पहला ऑनलाइन स्टार्टअप ओपीडी जिम्स में कार्य कर रहा है। जिम्स प्रदेश में पहला सरकारी इनक्यूबेशन सेंटर है।

## बारिश से जगह-जगह लगा जाम, भरा पानी

**नोएडा।** शहर में शुक्रवार को सुबह शहरवासियों की नींद खुलते ही लगातार बारिश के कारण लोगों को उमस से राहत मिली। सुबह शुरू हुई बारिश दिनभर रुक-रुककर कई स्थानों पर हुई। बारिश के कारण जगह-जगह जाम की समस्या पैदा हो गई और वाहन रेंगते नजर आए। वहीं, मौसम विभाग ने सितंबर के पहले दिन झमाझम बारिश की संभावना जताई है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार शनिवार और रविवार को भी रुक-रुककर बादलों की गरज के साथ साथ तीन-चार बार हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिनों बाद दो डिग्री सेल्सियस तक रात का पारा लुढ़केगा तो वहीं दिन में एक डिग्री सेल्सियस की कमी देखी जा सकती है। हालांकि बीच-बीच में निकलने वाली धूप के कारण उमस से राहत नहीं मिलेगी। शुक्रवार सुबह से हुई लगातार बारिश के कारण शहर में जलभराव हुआ, इससे कई स्थानों पर जाम की स्थिति बन गई। खास तौर पर कालिंदी कुंज बॉर्डर पर सरिता विहार से आने-जाने वाली गाड़ियां रेंगती दिखीं।

## लोक अदालत को सफल बनाने के निर्देश

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर स्थित कोर्ट परिसर के सभागार में शुक्रवार को जनपद न्यायाधीश मलखान सिंह ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने 13 सितंबर को दीवानी न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया। जनपद न्यायाधीश ने विशेष रूप से नोडल अधिकारी (राजस्व विभाग) को निर्देशित किया कि वह अपने अधीनस्थ विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर राजस्व संबंधी वादों का अधिकतम निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि 12 सितंबर तक प्री-लिटीगेशन स्तर पर निस्तारित मामलों की जानकारी नोडल अधिकारी को उपलब्ध कराई जाए। जिससे आंकड़े लोक अदालत के रिकॉर्ड में जोड़े जा सकें। इस अवसर पर अपर जिला जज चतुर्थ एवं नोडल अधिकारी अभिषेक पांडेय, अपर जिला जज एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंद्र मोहन श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार, जिला विकास अधिकारी शिव प्रताप परमेश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## चाचा-भतीजे के बीच जमकर चले लाठी-डंडे

**नोएडा।** बहलोलपुर गांव में दो सप्ताह पूर्व किरायेदार को लेकर हुए विवाद के बाद चाचा-भतीजे आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक बहलोलपुर में दो भाई संजय यादव और महेश यादव रहते हैं। पड़ोस में ही उनके चाचा शीशपाल भी रहते हैं। दोनों के घरों में बड़ी संख्या में किरायेदार रहते हैं। संजय यादव के घर में एक युवक किराये पर रहता है। उस युवक के साथ 18 अगस्त को शीशपाल के लड़के ने शराब पीकर मारपीट कर दी ।इसकी जानकारी जब संजय और महेश को हुई तो उन्होंने इसकी शिकायत शीशपाल से की। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। दोनों पक्षों के परिवार के लोग आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच मारपीट हुई। इसका 44 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो में पुरुष और महिलाएं हैं।

# नोएडा में 17.6 करोड़ का फर्जीवाड़ा

## कंपनियों से टेंडर दिलाने का दिया था झांसा

**नोएडा।** दस्तावेजों में फर्जीवाड़ा कर 17.6 करोड़ रुपए की ठगी के मामले में नेपा लिमिटेड के तत्कालीन चेयरमैन समेत चार नामजद और कई अज्ञात के खिलाफ सेक्टर-39 थाने में केस दर्ज हुआ है। पैसे वापस मांगने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पुलिस नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

शिकायत में सेक्टर-44 निवासी आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि अगस्त 2024 में उनके परिचित संजय रघुवंशी एक व्यापारिक प्रस्ताव लेकर आए। उन्होंने बताया कि उनकी फर्म मधु ट्रेडिंग एंड सर्विसेज को नेपा लिमिटेड से पेपर स्टक की बड़ी आपूर्ति का आदेश मिला है। इसे लाभकारी सौदा बताते हुए संजय ने शिकायतकर्ता से भी इसमें निवेश करने का आग्रह किया। प्रस्ताव को और अधिक प्रासंगिक और विश्वसनीय बनाने के लिए संजय ने फ्लाइट का एक टिकट बुक कराया ताकि शिकायतकर्ता की नेपा के चेयरमैन राकेश कुमार चौखानी से मुलाकात कराई जा सके। साथ ही मिल और फैक्ट्री का दौरा भी कराया जा सके। संजय ने नेपा चेयरमैन से शिकायतकर्ता की मुलाकात कराई।

मिल का भ्रमण कराया और चेयरमैन के एक साथ तस्वीर भी खिंचवाई। संजय ने बताया कि राकेश चौखानी उनके पड़ोसी और परिचित हैं। जब से वे नेपा में चेयरमैन और प्रबंध निदेशक बने हैं, लगातार टेंडर दिलवाते आ रहे हैं।

संजय ने यह भी बताया कि नेपा में राकेश का पूरा नियंत्रण है और वहां की नीतियां व निर्णय उनके अनुसार ही चलते हैं। इसके बाद आशुतोष झांसे में आए गए और संजय के कहे मुताबिक निवेश करना शुरू कर दिया।

# कैंटर में गांजा छुपाकर ला रहे तीन तस्कर गिरफ्तार

## कब्जे से 40 लाख रुपये कीमत का 1 क्विटंल 82 किलो गांजा बरामद

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**नोएडा।** थाना फेस टु पुलिस, सीआरटी/स्वॉट टु टीम द्वारा गोपनीय सूचना की सहायता से अवैध गाँजा की तस्करी करने वाले तीन अभियुक्त अजय कुमार पुत्र राजू निवासी ज्वाहर नगर रोहटा रोड़ थाना कंकरखेड़ा जिला मेरठ, नीरज वत्स उर्फ नीरू पुत्र यशदेव वत्स निवासी डुन्डाहेड़ा थाना उद्योग विहार फेस वन गुरूग्राम हरियाणा, हिमांशु जाटव पुत्र कमल किशोर निवासी गांव बड़ापुरा थाना नगीना जिला बिजनौर वर्तमान पता रोहटा रोड़ थाना कंकरखेड़ा जिला मेरठ को निम्मी विहार पुस्ते से कुलेसरा की तरफ नलकूप के पास से गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने लगभग चालीसा लाख रुपये की



कीमत का 1 क्विंटल 82 किलो 350 ग्राम गाँजा और तस्करी में प्रयुक्त एक कैन्टर बरामद किया है ।अभियुक्तों द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि वह लोग कटक, उड़ीसा राज्य से सस्ते दामो में गांजा खरीदकर कैन्टर गाड़ी में चोरी छिपे लेकर आते है तथा नोएडा/एनसीआर क्षेत्र में मंहगे दामो में बेचकर आर्थिक लाभ कमाते है। अभियुक्तों द्वारा एनसीआर क्षेत्र में घुमफिरकर नशे के आदी लोगो को गांजा बेचकर आर्थिक लाभ कमाया जाता है। अभियुक्तों द्वारा अपने सह अभियुक्त सोनू उर्फ मौहम्मद सादाब व जेपी नाम के व्यक्ति के साथ मिलकर अवैध गांजे को कटक उड़ीसा से सस्ते दामो में लाकर आर्थिक लाभ कमाया जाता है। ये सभी अभियुक्त आईसर कैन्टर(वाहन) में अवैध गांजे को बोरे में पैकेटो में छिपाकर लाते थे। जिससे किसी को शक न हो और पकड़े न जा सके।

ये सभी अभियुक्त अधिकतर पकड़े जाने के डर से आपस में व्हाट्सएप्प कॉल से बात करते थे ताकी पुलिस इनको ट्रेक न कर सके। ये सभी अभियुक्त प्राइवेट वाहनों व रेलमार्ग से गांजा लाते है और ऐसे रेलवे स्टेशन पर उतरते है जहां तलाशी नही होती है। सह अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया है ।उपरोक्त अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है ।डीसीपी सेंट्रल नोएडा द्वारा गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्धन हेतु 25,000 रूपये के पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है।

# नोएडा पुलिस कमिश्नर से मिले निक्की के पिता

## सीपी ने दिया आश्वासन दोषियों के खिलाफ लिया जाएगा सख्त एक्शन, फास्ट ट्रैक कोर्ट में होगी सुनवाई

**नोएडा।** निक्की हत्याकांड मामले में आज निक्की के पिता भिकारी सिंह और समाज के लोगों ने पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह से मुलाकात की। इस दौरान कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने निक्की के पिता और समाज के लोगों को भरोसा दिया कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है। सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी। जल्द ही कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई होगी। दोषियों पर सख्त एक्शन लिया जाएगा।



निक्की के पिता ने कहा कि आज हम पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह से मिले। उन्होंने कहा कि जो जांच में आएगा आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा। बता दे 21 अगस्त को शाम को निक्की की जलकर मौत हो गई थी। आरोप है कि निक्की के पति विपिन ने उसे पर थिनर डालकर लाइटर से आग लगा दी। निक्की की बहन ने इसका वीडियो बनाया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। कंचन ने ही विपिन और परिवार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस ने आरोप विपिन को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया वहीं बाकी तीनों आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने सभी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं मामले में महिला राज्य आयोग की सदस्य मीनाक्षी भराला भी परिवार को आश्वस्त कर चुकी है। ऐसे में जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि निक्की की हत्या में कौन-कौन शामिल है।

# अवैध हथियारों के साथ तीन बदमाश गिरफ्तार

## ग्रेटर नोएडा में पिस्टल, तमंचे और दो बाइक बरामद

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार रात को तीन बदमाशों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई यमुना प्राधिकरण के सेक्टर-20 में चेकिंग के दौरान की गई।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान रवि और आलोक (दोनों अलीगढ़ के पिशावा थाना क्षेत्र के निवासी) तथा संजू (रबूपुरा के मिर्जापुर का रहने वाला) के रूप में हुई है। तीनों की उम्र 21-22 वर्ष है।

पुलिस ने आरोपियों से एक .32 बोर की पिस्टल, दो .315 बोर के तमंचे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा दो मोटरसाइकिलें भी जब्त की गई हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे आपराधिक गतिविधियों के लिए हथियार लेकर घूम रहे थे।

# नोएडा में ठगों ने खाते से साफ किए 9.63 लाख

नोएडा। सेक्टर 78 सनसाइन हिलोज सोसाइटी में रहने वाले रिटायर्ड इंजीनियर जगत पाल को इंस्टाग्राम पर क्रेडिट कार्ड अपडेट कराने का विज्ञापन देख अनजान लिंक पर क्लिक करना भारी पड़ गया। ठगों ने ऑनलाइन कार्ड अपडेट करने का झांसा देकर 9.63 लाख ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया।

इंजीनियर जगत पाल के पास अमेरिकन एक्सप्रेस का क्रेडिट कार्ड उपयोग करते हैं। उन्होंने आठ जुलाई को इंस्टाग्राम पर कार्ड अपडेट करने संबंधी विज्ञापन देखा। खुद का भी कार्ड अपडेट कराने को लिए क्लिक कर जानकारी प्राप्त करनी चाही, लेकिन एक दो स्टेप के बाद लिंक खुलना बंद हो गया। अगले दिन उनके पास ठग का कथित कंपनी कर्मी बन फोन आया।

उसने कार्ड का ऑनलाइन आवेदन करने के लिए एक लिंक भेजा। इंजीनियर ने ठग के बताए निर्देशानुसार फार्म भर दिया।

ठग ने तकनीकी दिक्कत आने की बात कहकर कई बार आवेदन भरवाए, लेकिन वह यह नहीं समझ पाए कि ठग उनके बैंक खाते से रकम उड़ा रहा है। करीब आधे घंटे बाद ठग की काल समाप्त हो गई। कुछ देर बाद देखा कि मोबाइल में कुछ दिक्कत आ रही है।

# रेकी कर दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## मास्टर माइंड समेत तीन गिरफ्तार, चोरी किए हुए दोपहिया पुर्जे अलग कबाड़ियों को बेचते थे

वकार सैफी विशाल इंडिया

**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 पुलिस ने रेकी कर दो पहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर गैंग के मास्टर माइंड समेत तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 10 मोटरसाइकिल एक अवैध चाकू बरामद किया गया।

बता दे कि पुलिस की गिरफ्त में खडे आस मोहम्मद सरगना और कबाड़ी का काम करता है जो दो भाइयों अफजल, अफरीद मलिक उर्फ भूरा, के साथ मिल कर नोएडा, गाजियाबाद और दिल्ली क्षेत्र से मोटरसाइकिल चोरी करके उनके पुर्जे अलग करके कबाड़ियों को बेचते थे। डीसीपी यमुना



प्रसाद ने बताया कि ये एक संगठित गिरोह है जो भीड़ भाड़ इलाके कामर्शियल कांप्लेक्स, मॉल सेक्टर और अन्य स्थानों पर रैकी करते है। इसके बाद कुछ ही सेकेंड में लॉक तोड़कर बाइक चोरी कर लेते है। थाना सेक्टर-58 पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस और गोपनीय सूचना की सहायता से चेकिंग के दौरान सेक्टर-62, एनआईबी चौकी क्षेत्र से चोरी की 2 मोटरसाइकिल के साथ अफजल, अफरीद मलिक उर्फ भूरा को गिरफ्तार किया था, सख्ती से पूछताछ के बाद इनके साथी आस मोहम्मद को भी गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही पर जयपुरिया चौराहे के पास पार्क से पार्क से 8 अन्य चोरी की बाइक बरामद की गई। इनके खिलाफ दिल्ली और नोएडा में मुकदमा दर्ज है।

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया बदमाश दो तरीके से चोरी कर घटना करते थे। यदि बाइक पर इलेक्ट्रानिक लॉक लगा है तो वायर के बीच शॉट सर्किट करके लॉक खोलते है।

यदि लॉक मैनुअल है तो उसे तोड़ देते है। जिसके बाद बाइक को बताए गए स्थान पर छिपा देते थे। इसके बाद वहां से बाइक आस मोहम्मद के पास ले जाते थे। आस कबाड़ी का काम करता है।

यहां बाइक को पार्टस निकालकर ऑन डिमांड बेचते थे। उन्होंने ने बताया कि ये तीनों ज्यादा पढ़े लिखे नहीं है।

# किसानों ने जेबीएम यूनिवर्सिटी में किया प्रदर्शन

## अवैध जल दोहन के खिलाफ सभी समर पंप बंद करवाए, आंदोलन की चेतावनी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने जेबीएम यूनिवर्सिटी में अवैध जल दोहन को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। शुक्रवार को पप्पू नागर की अध्यक्षता में धरना आयोजित किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज के नेतृत्व में यूनियन की टीम ने शुक्रवार दोपहर यूनिवर्सिटी का निरीक्षण किया। टीम ने पाया कि यूनिवर्सिटी में समर पंप से लगातार जल दोहन हो रहा था। पदाधिकारियों ने मौके पर सर्वे कर अवैध रूप से चल रहे सभी पंप तत्काल बंद करवा दिए। प्रदर्शन में



ठाकुर सुनील भाटी, विभांशु चौधरी, सताकत मास्टर, वकील अहमद, सहीद और जाबिद भाटी समेत कई किसान नेता मौजूद थे। साकिर भाटी, धर्मवीर सिंह, राजन सिंह, सोनू गौड़, कपिल भाटी, ओमपाल भाटी और शैलेश कुमार के साथ सैकड़ों किसान भी शामिल हुए। भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) ने स्पष्ट किया है कि यदि यूनिवर्सिटी में अवैध जल दोहन की गतिविधियां नहीं रुकीं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## ग्रेटर नोएडा से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से होगी सीधी कनेक्टिविटी

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा को ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। लंबे समय से अधूरी पड़ी सिरसा से लडपुरा अंडरपास के बीच की सड़क निर्माण की तैयारी शुरू हो गई है। 130 मीटर चौड़ी इस सड़क को बनाने में करीब 21 करोड़ रुपये खर्च होंगे। प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक अक्तूबर से इस सड़क का निर्माण कार्य शुरू करा दिया जाएगा। ग्रेनो के अधिकारियों के मुताबिक कासना-सूरजपुर रोड आगे जाकर बुलंदशहर रोड से मिलती है।

# यमुना का जलस्तर तीसरी बार बढ़ा

## हथिनी कुंड से पानी छोड़ा, ग्रेटर नोएडा के 10 गांवों में फसलें डूबने का खतरा

एजेंसी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में यमुना नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। गुरुवार शाम से हथिनी कुंड से पानी छोड़े जाने के कारण नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। यह इस वर्ष दो सप्ताह में तीसरी बार है जब नदी का जलस्तर बढ़ा है।

पिछली बार की बाढ़ में शमशम नगर, कानीगढ़ी, पूरन नगर, झुप्पा सहित करीब 10 गांवों की फसलें जलमग्न हो गई थीं। किसानों को भारी नुकसान हुआ था। तहसील प्रशासन ने बाढ़ चौकियां बनाकर निगरानी की थी।

करीब एक सप्ताह पहले बारिश कम होने से जलस्तर घटा था। इससे किसानों और प्रशासन को राहत मिली थी।

लेकिन अब फिर से बारिश शुरू होने से स्थिति चिंताजनक हो गई है। इससे पहले इतना जलस्तर दो साल पहले 2023 में देखा गया था। तहसील प्रशासन ने फिर से अलर्ट जारी कर दिया है।

बाढ़ चौकियों से जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। ग्रामीण अपनी फसलों के जलमग्न होने की आशंका से परेशान हैं।

# पीलीभीत की 'स्मार्ट सिटी' का सच दो दिन की बारिश में खुली पोल







**बनकटी रोड पर नाले की दीवार फिर गिरी, नागरिकों में आक्रोश**

**पीलीभीत।** नगर पालिका द्वारा 'स्मार्ट सिटी' का सपना दिखाए जाने के बीच दो दिन की बारिश ने नगर की वास्तविक स्थिति उजागर कर दी है। सड़कों पर जगह-जगह जलभराव, गड्ढे और गंदगी ने नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। हालात ऐसे हैं कि पालिका गेट के सामने ही पानी भरा रहा, जिससे शहर की गलियों और मोहल्लों की स्थिति का सहज अंदाजा लगाया जा सकता है।

### गड्ढों और जलभराव से मुश्किलें

नगर की प्रमुख सड़कों पर गड्ढों की भरमार है। बरसात के दौरान इन गड्ढों में पानी भर जाने से दुपहिया वाहन चालकों को गंभीर खतरा बना रहता है। आए दिन हादसे होते-होते बच रहे हैं। वहीं, जाम और कीचड़ के कारण पैदल चलना भी दूभर हो गया है। नागरिकों ने कहा कि चुनाव से पहले गड्ढामुक्त सड़कों का वादा किया गया था, लेकिन हकीकत इसके उलट है।

### नालों की पोल खुली ढही दीवार

बारिश ने नालों के निर्माण की असलियत भी सामने ला दी। बनकटी रोड पर नगर पालिका द्वारा हाल ही में बनवाया गया नाला बारिश में ढह गया था।
और आज शुक्रवार को उसी नाले का एक और हिस्सा गिर गया, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया है। करीब 20 मीटर लंबी दीवार टूटने के बाद मौके पर ठेकेदार द्वारा लीपापोती की जा रही है। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि यदि निर्माण कार्य मानक के अनुरूप किया गया होता तो दीवार इतनी आसानी से न गिरती।

### गंदगी से बीमारियों का खतरा

शहर की नालियां ओवरफ्लो होने से सड़कों पर गंदगी फैल गई है। इससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। नागरिकों ने सवाल किया कि यदि जलभराव और गंदगी से किसी की जान जाती है तो क्या उसकी जिम्मेदारी नगर पालिका अध्यक्ष और संबंधित अधिकारी लेंगे?

### जनता का आक्रोश और नेताओं की चुप्पी

स्थानीय निवासियों ने नाराजगी जताते हुए कहा 'हमने नगरपालिका अध्यक्ष को इसलिए नहीं चुना कि शहर गंदगी और गड्ढों से पट जाए।
जनता विकास और सफाई चाहती थी, लेकिन मिला सिर्फ जलभराव और टूटी सड़कें। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि हालात जल्द नहीं सुधरे तो वे सड़क पर उतरकर विरोध करने को मजबूर होंगे। उधर, जिम्मेदार अधिकारी और नेता इस पूरे प्रकरण पर चुप्पी साधे हुए हैं।
कागजों में ही सीमित 'स्मार्ट सिटी'
दो दिन की बारिश और लगातार गिरती नालों की दीवारों ने 'स्मार्ट सिटी' के दावों की हकीकत सामने ला दी है। टूटी सड़कों, जलभराव और गंदगी से त्रस्त जनता अब यह पूछ रही है कि आखिर उनकी समस्याओं पर कब ध्यान दिया जाएगा।

# आदमखोर ने बनाया किसान को निवाला

- ग्रामीणों में आक्रोश,प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी
- मौके पर पहुँचे क्षेत्रीय विधायक, प्रशासन भी रहा मौजूद

**सीतापुर।** नरनी गांव के रहने वाले विगत दिनों कुछ दिन पूर्व सौरभ की मौत बाघ के खाने से हो गयी थी। जिसके बाद क्षेत्रीय लोगो मे बाघ का आतंक बना हुआ है। आमजनमानस खौफ के माहौल में जीने को दूभर हैं। बाघ के खौफ से जनता अभी उबर नही पाई थी कि तहसील महोली के बसारा गांव में एक युवक जंगली जानवर का शिकार हो गया हैं। जानकारी के अनुसार बसारा के रहने वाले किसान राकेश वर्मा दोपहर के बाद खेतो में घास काटने के लिए गए थे।काफी समय बाद जब वापस घर नही लौटे तो परिजनों को चिंता होने लगी। जिसके बाद परिजन गांव के कुछ लोगो के साथ राकेश की खोज करने के लिए खेत पहुँचे तो देखा राकेश का शव खून से लथपथ खेत मे पड़ा हुआ है।जिसके बाद ग्रामीणों ने जंगली जानवर को देखा । डर कर ग्रामीणों द्वारा शोर मचाया जाने लगा। शोर सुनकर आसपस के लोग एकत्रित हो गये।ग्रामीणों के अनुसार बाघ के द्वारा युवक को खाया जाने की पुष्टि की जा रही हैं। लेकिन वन विभाग अभी तक बाघ को मानने से इंकार कर रहा है।लोगो मे वन विभाग के प्रति नारेबाजी करते हुए आक्रोश को प्रकट किया गया।खबर लिखे जाने तक शव का परिजनों ने पोस्टमार्टम हेतु प्रशासन के शुपुर्द नही किया।
सूचना पाकर मौके पर पहुँचे क्षेत्रीय विधायक ने परिजनों को सांत्वना दी व वन विभाग को लगातार क्षेत्र में गश्त करने के लिए निर्देशित किया। पूर्व विधायक महोली अनूप ने प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि वन





परिजनों को सांत्वना देते विधायक शशांक त्रिवेदी...

प्रशासन लाचार हैं लगातार क्षेत्र में घटनाये हो रही हैं वन विभाग केवल पदचिन्हों की खोज कर रहा है। मौके पर उपजिलाधिकारी महोली, क्षेत्राधिकारी महोली सहित भारी संख्या में फोर्स मौजूद रहा।

# गणेश उत्सव के चतुर्थ दिन होगा मां ज्वाला देवी का ज्योति जागरण

**पीलीभीत।** युवा जागृति परिषद के तत्वावधान में शहर के डिग्री कॉलेज चौराहा स्थित गणेश मंडप में शुक्रवार की रात माँ ज्वाला देवी का भव्य ज्योति जागरण आयोजित किया जाएगा।शहर में हर वर्ष की भांति इस बार भी ऐतिहासिक श्री गणेश चौथ उत्सव का आयोजन परिषद द्वारा किया जा रहा है।
इस वर्ष गणेश पंडाल अस्थाई रूप से श्री ब्रह्मदेव मंदिर परिसर में स्थापित किया गया है। आयोजन की शुरुआत 27 अगस्त को मूर्ति स्थापना एवं शोभायात्रा के साथ हुई थी, जबकि समापन 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर गणेश विसर्जन के साथ होगा।
उत्सव के दौरान प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 30 अगस्त को परिषद की ओर से ज्योति जागरण का आयोजन रखा गया है, जिसका संचालन महंत नीलेश चतुर्वेदी करेंगे।
युवा जागृति परिषद के प्रदीप तिवारी ने



बताया कि शुक्रवार शाम 7: 30 बजे माता का ज्योति पूजन शुरू होगा। इसके बाद भजन प्रवाहक माता की महिमा का गुणगान करेंगे। रात 9: 30 बजे माता की ज्योति आरती के साथ कार्यक्रम सम्पन्न होगा और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा।उन्होंने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

# गोरखपुर में घर-घर कचरा वसूली पर नगर निगम सख्त

**गोरखपुर।** गोरखपुर नगर निगम में शुक्रवार को घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने की।
बैठक में जोन-1 के सभी पार्षद, अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा, प्रमोद कुमार, जोनल अधिकारी अनुष्का सिंह, जोनल सेनेट्री अधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक और सफाई निरीक्षक मौजूद रहे। इसके साथ ही जोन-1 के 17 वार्डों के सुपरवाइजर, ड्राइवर और मेट भी बुलाए गए थे।
बैठक में उन गाड़ियों की कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई जो घर-घर से कचरा उठाती हैं। कितने घरों से कचरा उठाया जा रहा है, कितनी मात्रा में कचरा इकट्ठा हो रहा है,गाड़ियाँ किन-किन मार्गों पर चल रही हैं।
इन सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही कचरा शुल्क वसूली की स्थिति पर भी बारीकी से नजर डाली गई।

# एसपी ने पुलिस लाइंस में ली परेड की सलामी

**ललितपुर ।** पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक द्वारा शुक्रवार की परेड की सलामी ली गयी । इसके उपरांत परेड का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया । रिक्रूट आरक्षियों का अनुशासन,ड्रिल, शारीरिक क्षमता, वर्दी आदि का निरीक्षण किया गया । तत्पश्चात रिज़र्व पुलिस लाइन्स में स्थित क्वार्टर गार्द, स्टोर, आर्मरी, कैन्टीन, सीसीटीवी कन्ट्रोल रुम एवं पुलिस लाइन की विभिन्न मदों का निरीक्षण कर सम्बन्धित को साफ-सफाई व उचित रख-रखाव हेतु निर्देशित किया गया । इस दौरान एसपी द्वारा मेस का निरीक्षण कर साफ-सफाई रखने, खाने की उच्च्व



गुणवत्ता रखने व मौसमी सब्जियाँ इस्तेमाल करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए । यू0पी0-112 के पीआरवी वाहनों को चेक किया गया तथा पीआरवी पर तैनात अधि0/ कर्म0गण को निर्देशित किया गया कि वर्दी, अनुशासन व जनता के प्रति शिष्टतापूर्वक व्यवहार करना एवं कॉल रिस्पांस टाइम कम -से -कम करने हेतु निर्देशित किया गया है। आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान अधि0/कर्म0गण के द्वारा प्रेषित किये गये प्रशिक्षण रजिस्टर, रिज़र्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । परेड में शामिल पुलिस अधि0/कर्म0गण से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया ।
इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन, सुनील कुमार व प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस अधि0/कर्म0गण मौजूद रहे ।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर दिया गया जोर

**पीलीभीत।** गांधी सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति, जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय जूनेटिक कमेटी तथा एकीकृत स्वास्थ्य शिविर नियमित टीकाकरण की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह की अध्यक्षता में किया गया।बैठक में जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करते हुए संस्थागत प्रसव बढ़ाने और मंत्र एप के माध्यम से 24 से 48 घंटे के भीतर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एफ.आर.यू. समीक्षा, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, जन्मजात दोष से पीड़ित बच्चों की सर्जरी, परिवार नियोजन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रसव, कुपोषित बच्चों को



एनआरसी में भर्ती कराने, बच्चों को आयरन व फोलिक एसिड की गोली खिलाने और राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रगति पर भी चर्चा हुई।जिलाधिकारी ने सभी चिकित्सा अधिकारियों को सूचकांकों में सुधार लाने और विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद को टी.बी. मुक्त बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं।जूनेटिक बीमारियों पर चर्चा करते हुए उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और बर्डफ्लू की किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम प्रधानों को यह सुनिश्चित कराने के लिए कहा गया कि यदि गांवों में 5 से 10 पक्षी मृत पाए जाएं तो तुरंत प्रशासन को सूचित किया जाए।रैबीज पर जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जिले में अभी तक किसी की मृत्यु नहीं हुई है और कुत्ता काटने पर मरीजों को इंजेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।
बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सहायक निबंधक सहकारिता, सभी एम.ओ.आई.सी. और अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



**ललितपुर।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक दिनांक 26.08.2025 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार ललितपुर में सम्पन्न हुयी। बैठक में अध्यक्ष महोदय द्वारा 15.07.2025 को आहूत बैठक के कार्यवृत्त के अनुपालन आख्या की समीक्षा की गयी। अध्यक्ष द्वारा पिछले माह में घटित दुर्घटनाओं की समीक्षा की गयी एवं एनएचएआई झांसी / सागर पर समस्त ब्लैक स्पॉट एवं एन0एच0-44 के वैध कट का निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त मोड़ पर हार्ड शोल्डर बनाने तथा एनएच-44 पर ट्रक ले बाई बनाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। रोड मार्किंग, साइनबोर्ड, जक्शन पर सोलर लाइटे लगाये जाने हेतु निर्देशित किया गया। यातायात विभाग को विगत महीनों में हुयी दुर्घटनाओं की विस्तृत जानकारी कर दुर्घटना की रोकने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। बैठक में जिलाधिकारी महोदय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ललितपुर, अधिशासी अभियन्ता प्रा0ख0, लो0नि0वि0, ललितपुर एवं अधिशासी अभियन्ता नि0ख0, लो0नि0वि0, ललितपुर, अधिशासी अभियन्ता पी0एमजी0एसबाई, ललितपुर, जिला विद्यालय निरीक्षक ललितपुर, ए0आर0टी0ओ0 ललितपुर, क्षेत्राधिकारी यातायात ललितपुर, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद ललितपुर, खण्ड शिक्षा अधिकारी, एन0 आई0 सी0 से आई रैड प्रभारी नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। अन्त में अधिशासी अभियन्ता प्रा0ख0, लो0नि0वि0, ललितपुर द्वारा बैठक में उपस्थित सभी समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया गया।

# पीलीभीत मुक्तिधाम को सुरक्षित व सुसज्जित बनाने की कवायद तेज

**देवहा नदी से हो रहे कटान को रोकने के लिए कार्य योजना तैयार**

**पीलीभीत।** शहर के प्रमुख मुक्तिधाम को सुरक्षित बनाने की दिशा में ठोस पहल शुरू हो गई है। मुक्तिधाम समिति के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने उत्तर प्रदेश शासन के बाढ़ खंड मंत्री श्री स्वतंत्र देव सिंह और सांसद व केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद को पत्र लिखकर देवहा नदी से हो रहे कटान को रोकने के लिए पक्का तटबंध बनाने की



मांग की थी। इस पर बाढ़ खंड विभाग ने कार्य योजना तैयार कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। मुक्तिधाम समिति के पदाधिकारियों ने केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद से मुलाकात कर मुक्तिधाम पर विद्युत दाह संस्कार स्थल की व्यवस्था किए जाने का प्रार्थना पत्र दिया। समिति के आग्रह पर क्रांतिकारी विचार मंच उत्तर प्रदेश के प्रांतीय संरक्षक देव स्वरुप पटेल भी समिति सदस्यों के साथ मुक्तिधाम पहुंचे और उपयुक्त भूमि का निरीक्षण कर स्थान चयन में सहयोग किया। मुक्तिधाम पर पूर्व में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद द्वारा लगवाए गए वाटर कूलर की सुविधा से आगंतुकों को राहत मिल रही है। इस सुविधा के लिए मुक्तिधाम समिति के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, मनोज पटेल सहित अन्य पदाधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया और उनकी सराहना की।यह पहल मुक्तिधाम को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और भविष्य में आने वाली प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित करने की दिशा में अहम मानी जा रही है।

## शार्ट न्यूज

### अन्तर जनपदीय शातिर चोर गिरफ्तार



ललितपुर। कोतवाली पुलिस ने अंतरजनपदीय चोरी का पर्दाफाश किया और एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया । पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी ,सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा थाना कोतवाली ललितपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 759/25 व 760/25 अन्तर्गत धारा 305/331(4)/317(2) बीएनएस में प्रकाश में आये वाँछित अभियुक्त मोहम्मद राशिद उर्फ बबरू पुत्र मुशाहिद निवासी ग्राम शाहजमाल थाना किठौर जनपद मेरठ उम्र करीब 45 वर्ष को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया । वादी मुकदमा द्वारा थाना कोतवाली ललितपुर पर प्रार्थना-पत्र देकर अवगत कराया था कि अज्ञात चोरों द्वारा उनकी दुकानों से नगद रुपयो की चोरी कर लिये है। प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना कोतवाली ललितपुर पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किये गये थे ।

### दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र के मानसिक रूप से विक्षप्त महिला से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एंव क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली ललितपुर पुलिस द्वारा कोतवाली ललितपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0 999/25 धारा 64(2) के बीएनएस में वांछित अभियुक्त रामसिंह यादव पुत्र सरनाम सिंह यादव उम्र करीब 65 वर्ष निवासी मुहल्ला लेड़ियापुरा आजादपुरा थाना कोतवाली ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है । गिरफ्तार करने वाली टीम प्रभारी निरीक्षक अनुराग अवस्थी निरीक्षक अरविन्द्र कुमार का. हरिओम राजपूत आदि शामिल रहे।

### मथुरा में 14 सितंबर से होगी रामलीला

**मथुरा।** कान्हा की नगरी मथुरा में 22 दिवसीय रामलीला महोत्सव की शुरुआत 14 सितंबर से होगी। रामलीला महोत्सव की तैयारियों के संबंध में श्री रामलीला सभा मथुरा के पदाधिकारियों ने एक बैठक अग्र वाटिका पर की। जिसमें महोत्सव की रूपरेखा तय कर व्यवस्थाएं सौंपी गई। श्री रामलीला सभा, मथुरा के तत्वावधान में 22 दिवसीय श्री रामलीला महोत्सव का आयोजन 14 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक होगा एवं कलाकारों का पूर्वाभ्यास (तालीम) 2 सितम्बर से 11 सितम्बर तक चित्रकूट मसानी पर होगा। इस महोत्सव को लेकर एक बैठक अग्र वाटिका पर आहूत हुयी जिसमें महा महोत्सव की रूपरेखा तय कर व्यवस्थाएं सौंपी । सभा के सभापति जयन्ती प्रसाद अग्रवाल एवं महामंत्री मूलचंद गर्ग ने बताया कि 14 सितम्बर को मुकुट पूजन, 18 सितम्बर को राम जन्म, 21 सितम्बर को धनुष यज्ञ, 22 सितम्बर को श्री राम बारात, 2 अक्टूबर को विजय दशमी, 3 अक्टूबर को भरत मिलाप, 4 अक्टूबर को राजगद्दी एवं 5 अक्टूबर को शान्ति पाठ होगा।

### नाली निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद

**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के चुल्हू पर गांव में नाली के निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। इस विवाद के बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट भी हुई। दोनों पक्षों के बीच हुई मारपीट का या वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह से बड़ी संख्या में युवक और महिलाएं एक दूसरे के ऊपर हमला कर रहे हैं। वही मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। आजमगढ़ जिले के जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के चुल्हू पर गांव में नाली निर्माण को लेकर दो पक्षों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। ऐसे में दोनों पक्षों के बीच विवाद के दौरान मारपीट होने लगी।।इसी दौरान आसपास खड़े लोगों ने इस मारपीट का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### घूस लेते रंगे हाथ पकड़े लेखपाल की जमानत मंजूर

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक लाख रुपए घूस लेने के आरोपी लेखपाल अरविन्द कुमार यादव की सशर्त जमानत मंजूर कर ली है। उन्हें 14 जून 2024 को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। यह आदेश न्यायमूर्ति समीर जैन ने दिया। शिकायतकर्ता से चकबंदी अधिकारी आजमगढ़ के समक्ष लंबित मामले में मदद करने के लिए लेखपाल ने एक लाख रुपये की रिश्वत की मांग की। 12 जून 2024 को शिकायत दर्ज कराई थी और 14 जून 2024 को एक जाल बिछाकर लेखपाल को गिरफ्तार कर लिया गया। दलील दी कि जिस मामले को लेकर कथित रिश्वत की मांग की गई थी, वह एक दिन पहले ही 11 जून 2024 को चकबंदी अधिकारी द्वारा खारिज किया जा चुका था। याची का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह पिछले एक साल से अधिक समय से जेल में हैं। अदालत ने कहा कि जब तक कोई दोषी साबित न हो जाए, उसे निर्दोष माना जाता है।

### भाजपा पार्षद के घर पर लोगों का हंगामा

**आगरा।** आगरा के थाना कमला नगर क्षेत्र में पार्षद हरिओम गोयल के घर पर शुक्रवार को कई लोगों ने हंगामा किया। उनका आरोप था कि पार्षद के बेटे ने उनके साथ धोखाधड़ी की है। उनसे रुपए लेकर वापस नहीं कर रहा। इसको लेकर पार्षद के साथ भी लोगों की तकरार हुई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों को शांत कराया। बलकेश्वर के पार्षद हरिओम गोयल बाबा के घर पर शुक्रवार शाम को करीब 20 से 25 लोग पहुंचे। उनका कहना था कि पार्षद के बेटे रिषभ ने उनसे रुपए तो किसी से माल उधार लिया था। मगर, उसने कई महीनों से भुगतान नहीं किया। अब न तो वो फोन उठाता है, न ही रुपए वापस करता। लोगों का कहना है कि वो पहले भी कई बार इसकी शिकायत पार्षद से कर चुके हैं, लेकिन वो भी अपने बेटे का पक्ष लेते हैं। इसको लेकर लोगों ने पार्षद के घर पर हंगामा किया। बड़ी संख्या में महिलाएं भी आई थीं। उनकी पार्षद से तकरार भी हुई। सूचना पर कमला नगर थाने की पुलिस भी आई गई। पुलिस के सामने भी तकरार हुई।

### महंगे शौक के लिए युवक बना लुटेरा

**लखनऊ।** लखनऊ की अलीगंज पुलिस ने चेन स्नेचिंग करने वाले शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने शौक पूरे करने के लिए वारदात को अंजाम देता था। वह पिता की बाइक से अकेले ही निकलता और महिलाओं को निशाना बनाता था। पुलिस ने उसके कब्जे से दो लूटी हुई चेन और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद की है। जौनपुर के लाइन बाजार निवासी आशीष कुमार मौर्य ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 25 अगस्त को पत्नी तुमुल कुशवाहा के साथ अलीगंज सेक्टर-क्यू की तरफ से लौट रहे थे। तभी केन्द्रांचल कॉलोनी के पास हेलमेट पहने एक युवक बाइक से आया और पत्नी की चेन लूटकर फरार हो गया। मामले की जांच में पुलिस को सीसीटीवी फुटेज से अहम सुराग मिले। इसके आधार पर सर्वोदयनगर सचिवालय कॉलोनी निवासी विशाल कुमार को दबोच लिया गया।

